उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 01.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस


## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 01.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।









# महोबा पुलिस



## मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 01.06.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी




## अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर टीम महोबा द्वारा जिला अस्पताल का भ्रमण कर अग्निशमन उपकरण को चेक किया गया तथा मॉकड्रिल कर आग पर काबू पाये जाने के विभिन्न तरीकों को बताया गया।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 01.06.2024 को जनपद महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में जिला अस्पताल का फायर ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं एलपीजी गैस सिलिंडर में लगी आग को बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।






# थाना कबरई पुलिस टीम ने 01 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र के हिस्ट्रशीटर/सक्रिय अपराधी को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम मय हमराह हे0कां0 आलोक कुमार व कां0 अवनेश कुमार के द्वारा आज दिनांक 01.06.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर हिस्ट्रशीटर/सक्रिय अपराधी उमा पुत्र टाई अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा को बसगना मोड़ बहद ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 250 ग्राम सूखां गांजा नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 159/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 21/17 धारा 379/411 भादवि थाना चरखारी जनपद महोबा।
2. मु0अ0सं0 22/17 धारा 379 भादवि थाना चरखारी जनपद महोबा।
3. मु0अ0सं0 48/17 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना चरखारी जनपद महोबा।
4. मु0अ0सं0 62/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा।
5. मु0अ0सं0 290/22 धारा 380/411/457 भादवि थाना कबरई जनपद महोबा।
6. मु0अ0सं0 372/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा

## गिरफ्तार अभियुक्त-

उमा पुत्र टाई अहिरवार उम्र करीब 35 वर्ष
निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामेन्द्र कुमार गौतम
2. हे0कां0 आलोक कुमार
3. कां0 अवनेश कुमार



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने
## वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 01.06.2024 को थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ.नि. विनोद कुमार सिंह मय हमराह हे.का.राजकुमार सिंह, का.पवन कुमार द्वारा एक नफर वारंटी अभियुक्त जागेश्वर पुत्र कमलापत प्रजापति निवासी ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा उम्र करीब 32 वर्ष को सम्बन्धित माननीय न्यायालय CJSD(F.T.C) महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट केस न. 867/12 थाना पनवाड़ी अ.सं. 307/10 में ग्राम भटेवरा कला से गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही वारंटी अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त :-

जागेश्वर पुत्र कमलापत प्रजापति उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम भटेवरा कला थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ.नि. विनोद कुमार सिंह
2. हे.का.राजकुमार सिंह
3. का.पवन कुमार



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 01.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।
















उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 01.06.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 01.06.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए । यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।



ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु  राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज में की जा रही तैयारियों को स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आंयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं जिससे किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों और मतगणना के दौरान कोई भी व्यक्ति मतगणना पर प्रश्न चिन्ह लगा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए सीसीटीवी कैमरा, वीडियो ग्राफी तथा चक्रवार गणना की जानकारी दिए जाने हेतु साउंड सिस्टम सही व पर्याप्त मात्रा में रखे जाएं और सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप सुरक्षा कर्मियों की स्थलवार ड्यूटी निर्धारित की जाए जिससे किसी को अनाधिकृत रूप से मतगणना परिसर में प्रवेश करने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर किसी के द्वारा बरती गई लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का संचालन नियमित रूप से होना चाहिए जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनकी जांच की जा सके और सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से यह नजर रखी जाए कि प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करें जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर किसी प्रकार की कोई दिक्कतों का सामना करना पडे। उन्होंने कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है इसमें पूरी सतर्कता सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर सहित संबंधित अधिकारी व सुरक्षाकर्मी आदि उपस्थित रहें।